राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, 17 नवम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने भेंट कर विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। सचिव डॉ. बी.वी आर. सी पुरूषोत्तम ने राज्यपाल को विभागीय संस्थाओं और उनके कार्यों आदि की विस्तृत जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि सहकारिता आंदोलन को जन–जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें सहकारिता को रोजगार सृजन का माध्यम बनाकर उसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉपरेटिव से कॉर्पोरेट संस्कृति विकसित किए जाने के प्रयास किए जाएं।

राज्यपाल ने कहा कि अमूल, इफ्को जैसी सहकारी संस्थाओं से प्रेरणा लेकर उसी दिशा में कार्य करने के प्रयास किए जाय। उन्होंने कहा कि सहकारिता को आर्थिक गतिविधियों के साथ जोड़ा जाना जरूरी है जिससे लोगों की आर्थिक रूप से भी मजबूत हो सकें। इस अवसर पर अपर सचिव आलोक कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

..............0.............